कार्यालय : प्रभागीय वनाधिकारी,
टिहरी वन प्रभाग,
नई टिहरी।

फोन/फैक्स : 01376–232077,
ई:मेल :
dfotehri_ua@rediffmail.com

पत्रांक : 3027 / 12-1 नई टिहरी, दिनांक– 15-4- 2019

सेवा में,

वन संरक्षक,
भागीरथी वृत्त, उत्तराखण्ड,
मुनिकीरेती।

विषयः– **जनपद–टिहरी गढवाल के अन्तर्गत चौण्डी से भदली धटधार थानकोट घेरा होते हुए सिमलासू बैण्ड तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.052 हे0 वन भूमि का लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन। (वनभूमि प्रस्ताव– FP/UK/ROAD/35909/2018)**

सन्दर्भः– रीजिनल कार्यालय द्वारा लगाई गई आपत्ति दिनांक–20–02–2019।

महोदय,

रीजिनल कार्यालय द्वारा लगाई गई आपत्ति का निराकरण निम्न प्रकार प्रेषित है–

| Sl. no. | Short Coming | Clarification/Answer |
|---|---|---|
| 1 | उपरोक्त विषयक पत्र द्वारा यह आपत्ति लगाई गई है कि–<br>प्रस्तावित क्षेत्र की के0एम0एल0 फाईल से यह प्रतीत होता है कि प्रस्तावित क्षेत्र के पास पहले से ही एक समानान्तर (Parallel) मार्ग उपलब्ध है। अतः प्रस्तावित क्षेत्र के लिए दूसरे मार्ग की आवश्यकता प्रतीत नही होती है। | प्रस्तावक विभाग द्वारा अपने पत्रांक–700/33 सी0, दिनांकः–26–3–2019 से प्रश्नगत मोटर मार्ग के निर्माण की आवश्यकता के सम्बन्ध में अपनी आख्या इस कार्यालय को प्रस्तुत की है जो इस पत्र के साथ मूल में एक प्रति तथा तीन छाया प्रति संलग्न कर संस्तुति सहित अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु प्रेषित हैं। |

संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(डॉ0 कोको रोसे),
प्रभागीय वनाधिकारी,
टिहरी वन प्रभाग,
नई टिहरी

D/PK.Gen. Lattre.online part-ii

UTTARAKHAND

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## अस्थाई खण्ड, लोक निर्माण विभाग
## श्रीनगर मु0—कीर्तिनगर

Phone no./Fax no. 01370-260070 E.mail- eepwdkirtinagar@rediffmail.com

पत्रांक— 700/33C दिनांक 26/03/2019

सेवा में
प्रभागीय वनाधिकारी
नई टिहरी,

**सन्दर्भः— पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून के पत्रांक 8वी0 / यू0सी0पी0 / 06 / 28 / 2019 / एफ0सी0 / 2245 दिनांक 20 / 02 / 2019**

**विषयः—जनपद टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत चौण्डी बैण्ड से भदली—घटधार—थानकोट घेरा होते हुए सिमलासू बैण्ड तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.052 है0 वन भूमि का लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन (FP/UK/ROAD/35909/2018)**

**महोदय,**

बिषयक मार्ग इस खण्ड के अन्तर्गत देवप्रयाग विधानसभा क्षेत्र मे शा0सं0—549 I I I(2)14—49 (प्रा0आ0) / 2013 दिनांक 29 / 01 / 2014 द्वारा लम्बाई 6.00 कि0मी0 एवं लागत रू0 43.80 लाख मात्र (प्रथम चरण) कार्य हेतु स्वीकृत है। भू—वैज्ञानिक द्वारा कार्य का निरीक्षण कराने के उपरान्त कार्य हेतु समरेखण स्वीकृत अधीक्षण अभियन्ता 8वॉ वृत्त लो0नि0वि0 नई टिहरी के पत्रांक 5995/849C—8/2016 दिनांक 22/08/2016 द्वारा वास्तविक लम्बाई 5.27 कि0मी0 हेतु अनुमोदित है। महोदय उक्त सन्दर्भित पत्र द्वारा बिषयक मोटर मार्ग पर आपति के कम में अवगत कराना है कि पौडीखाल—भासौं मोटर मार्ग जो कि क्षेत्र में पूर्व निर्मित है, जिसकी वर्तमान मे पौडीखाल से भासौं तक लम्बाई 18.225 कि0मी0 पड़ती है। इसी मोटर मार्ग के कि0मी0 3 से सिंगोली चौण्डी मोटर मार्ग जिसकी लम्बाई 4.65 कि0मी0 पड़ती है, के अन्तिम बिन्दु से चौण्डी से भदली—धाटधार—थानकोट घेरा होते हुए सिमलासू तक वर्तमान मे प्रस्तावित मार्ग का समरेखण पड़ता है। पौडीखाल—भासौं—मोटर मार्ग जो कि वर्तमान प्रस्तावित मोटर मार्ग चौण्डी से भदली—घाटधार—थानकोट—घेरा होते हुए सिमलासू बैण्ड तक की इन्कलाईन्ड दूरी पर कम से कम 1.5 से 2.00 कि0मी0 पर पड़ती है। जिसका उच्चता अन्तराल अधिकतम ऊॅचाई पर 973 फीट पड़ता है। निम्नलिखित रूप से लगभग समान्तर दूरी पर के0 एम0 एल0 फाईल के अनुसार दोनो मार्गो का तुलनात्मक विवरण दिया गया है।

| समानान्तर स्थल का तुलनात्मक विवरण | पौडीखाल—भासौं मोटर ल0—18.225 (पूर्व निर्मित) | चौण्डी से भदली—(ल0—5.07 कि0मी0) (वर्तमान प्रस्तावित कार्य)। | उच्चता अन्तराल |
|---|---|---|---|
| 1— प्रारम्भिक बिन्दु | 78° 32′ 29.25″E<br>30° 16′ 30.31″N<br>उच्चता — 4129 Ft | 78° 32′ 42.67″E<br>30° 17′ 27.93″N<br>उच्चता — 3156 Ft | 973 Ft |

S.C. वनाधिकारी

5990
27/3

टिहरी वन प्रभाग
रजिस्टर न0 3975
फाइल न0 12-1
दिनांक 28-3-19

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2– थानकोट | 78′ 31′ 09.39′′E<br>30′ 17′ 22.19′′N<br>उच्चता – 345 FT | 78° 31′ 38.46′′E<br>30° 17′ 36.44′′N<br>उच्चता – 2970 Ft | 481 Ft |
| 3– घेरा | 78° 30′ 09.39′′E<br>30° 17′ 31.10′′N<br>उच्चता – 3350 Ft | 78° 31′ 09.23′′E<br>30° 17′ 38.69′′N<br>उच्चता – 3045 FT | 305 Ft |
| 4– अन्तिम बिन्दु (सिमलासू बैण्ड) | 78° 30′ 47.49′′E<br>30°17′ 31.41′′N<br>उच्चता – 3265 Ft | 78° 30′ 50.75′′E<br>30° 17′ 35.88′′N<br>उच्चता – 3063 Ft | 202 Ft |

उक्त से प्रतीत होता है कि मार्ग के प्रारम्भिक बिन्दु का उच्चता अन्तराल 973 फीट एवं मार्ग का औसतन उच्चता अन्तराल लगभग 490 फीट पडता है। जो कि पहाड की बिषम भौगोलिक स्थिति के अनुरूप अत्यधिक है। प्रस्तावित मार्ग पर पडने वाले गॉव,चौण्डी,भदली–घटधार–घेरा जिनकी आबादी लगभग 1000 होगी एवं इसके नजदीक भी अन्य गांव पडते है। जिनको इस मोटर मार्ग के बनने से लाभ होगा। उक्त बिषम भैगोलिक स्थिति को देखते हुए ही वर्ष 2014 में बिषयक मोटर मार्ग स्वीकृत हुआ। ग्रामीणों के आपसी विवाद के कारण इस कार्य से सैद्धान्तिक स्वीकृति होने में लगभग पॉच वर्ष व्यतीत हो गये हैं। वर्ष 2017 में ग्रामीणों की सहमति के उपरान्त बिषयक मोटर मार्ग पर कार्यवाही की जा सकी। बिषयक मार्ग ग्रामीणों की अपेक्षाओं के अनुरूप है, एवं उक्त मोटर मार्ग के बनने से लोगों को कम से कम 1.50 से 2.00 कि0मी पैदल दूरी से बचना पडेगा, एवं समय के बचत के साथ–साथ लोगों के आर्थिक स्तर में भी सुधार होगा ।

अतः अनुरोध है कि कृपया उपरोक्त स्थिति को मध्यनजर रखते हुऐ उक्त मार्ग पर शीघ्र से शीघ्र से सैद्धान्तिक स्वीकृति हेतु आवश्यक कार्यवाही करेंगे।

अधिशासी अभियन्ता
अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0 श्रीनगर
मु0–कीर्तिनगर